साक्षात्कार के अन्य प्रकार

OtherTypes of Interview

सूचना दाता की संख्या पर आधारित वर्गीकरण

Classification based on the number of respondents

वैयक्तिक साक्षात्कार

Individual Interview

जब साक्षात्कार में एक समय में केवल एक ही व्यक्ति शामिल होता है , तो इस प्रकार के साक्षात्कार को वयक्तिक साक्षात्कार कहा जाता है। इसमें साक्षात्कार लेने वाले तथा साक्षात्कार देने वाले के बीच निकट संपर्क स्थापित हो जाता है और साक्षात्कार देने वाले पर व्यक्तिगत ध्यान देना संभव होता है। इस प्रकार सही सूचना पर्याप्त मात्रा में प्राप्त करना संभव होता है। इसलिए व्यक्ति साक्षात्कार को अधिक विश्वसनीय माना जाता है।

सामूहिक साक्षात्कार

Group Interview

इस प्रकार के साक्षात्कार में दो या अधिक व्यक्तियों का साक्षात्कार एक ही साथ लिया जाता है।इसका सबसे बड़ा गुण है कि इसमें खर्च कम लगता है और समय तथा श्रम की बचत होती है। लेकिन इसका गंभीर दोष या है कि इसमें साक्षात्कार देने वाले पर पूरा पूरा ध्यान देना संभव नहीं होता है और इसके

Scanned with CamScanner

संबंध में गहन अध्ययन संभव नहीं हो पाता है। व्यक्ति साक्षात्कार की अपेक्षा सामूहिक साक्षात्कार अविश्वसनीय होता है। इस संदर्भ में यह बात महत्वपूर्ण है कि बड़े प्रतिदर्श के लिए सामूहिक साक्षात्कार तथा छोटे प्रतिदर्श के लिए व्यक्ति साक्षात्कार उपयोगी होता है।

उद्देश पर आधारित वर्गीकरण

Classification based on

नैदानिक साक्षात्कार

Diagnostic interview

इस प्रकार के साक्षात्कार का उद्देश्य रोग के कारणों की जानकारी प्राप्त करना है। नैदानिक साक्षात्कार का साक्षात्कार तथा मनोविश्लेषण में व्यवहार किया जाता है। इस साक्षात्कार विधि का क्षेत्र सीमित है।

उपचार साक्षात्कार

Treatment interview

जब किसी मानसिक रोग का निरूपण हो जाता है तो फिर उसके उपचार के लिए रोगी का साक्षात्कार किया जाता है। इसका उद्देश्य पता लगाना होता है कि रोगी के रोग का उपचार कैसे किया जा सकता है ?अतः इस साक्षात्कार की उपयोगिता सीमित है। शोध साक्षात्कार

Research interview

इस प्रकार के साक्षात्कार का उद्देश्य शोध आंकड़े प्राप्त करना है। यहां किसी समस्या से संबंधित सूचनाएं प्राप्त करना प्रधान उद्देश्य होता है। कोरचीन के अनुसार इस प्रकार का साक्षात्कार प्रायः अधिक संरचित होता है और इसका उपयोग काफी विस्तृत होता है ।

भूमिका पर आधारित वर्गीकरण

Classification based on role

, निदेशात्मक साक्षात्कार

Directive interview

इस प्रकार के साक्षात्कार को नियंत्रित साक्षात्कार भी कहा जाता है। यहां साक्षात्कारकर्ता उत्तरदाताओं पर पूरा नियंत्रण रखता है। वह पूर्व निर्धारित प्रश्नों का व्यवहार करता है। उत्तर दाताओं को उनके आदेशों के अनुसार व्यवहार करना पड़ता है। अतः इसमें परिशुद्धता का गुण पाया जाता है, लेकिन लचीलापन का अभाव होता है। अनुदेशात्मक साक्षात्कार

Non directive interview

Scanned with CamScanner

इस प्रकार के साक्षात्कार को स्वतंत्र साक्षात्कार अथवा अनियंत्रित साक्षात्कार भी कहा जाता है। इसमें साक्षात्कारकर्ता उत्तरदाताओं पर कोई नियंत्रण नहीं रखता है और ना कोई निश्चित निर्देशन देता है। पहले से प्रश्न तैयार नहीं रहते हैं। साक्षात्कारकर्ता उत्तरदाताओं को अपने विचारों , भावों को व्यक्त करने के लिए उत्साहित करता है। अतः इस प्रकार के साक्षात्कार में लचीलापन अधिक पाया जाता है लेकिन इसकी परिशुद्धता सीमित हो जाती है। सामाजिक विघटन ,तलाक, वैवाहिक उपद्रव, योन विकृति इत्यादि समस्याओं में इस तरह का साक्षात्कार काफी उपयोगी है।

केंद्रित साक्षात्कार

Focused interview

यह साक्षात्कार वास्तव में संरचित तथा असंरचित साक्षात्कार का मिश्रण है। इसमें पहले से निर्धारित प्रश्नों का व्यवहार किया जाता है। लेकिन ससाक्षात्काकर्ता को छूट होती है वह आवश्यकतानुसार प्रश्नों में परिवर्तन कर सकता है। यह साक्षात्कार रेडियो, टेलीविज़न, सिनेमा इत्यादि के सामाजिक तथा मनोवैज्ञानिक प्रभाव के अध्ययन के लिए बहुत उपयोगी है।

पुनरावृति साक्षात्कार

Repeated interview

इस प्रकार के साक्षात्कार में सामाजिक परिस्थिति के विकास तथा उससे उत्पन्न प्रभाव का अध्ययन किया जाता है व्यक्ति के व्यवहार पर मनोवृति, पूर्वधारणा आदि सामाजिक कार्य के प्रभावों के अध्ययन के लिए यह विधि बहुत उपयोगी है। अध्ययनों से पता चलता है कि मतदान व्यवहार के अध्ययन के लिए भी यह साक्षात्कार लाभदायक है। लेकिन इस साक्षात्कार के द्वारा अध्ययन करने में समय अधिक लगता है तथा श्रम भी अधिक लगता है।

इस प्रकार स्पष्ट हुआ कि साक्षात्कार के कई प्रकार हैं, जिनका व्यवहार आवश्यकतानुसार किया जाता है शोधकर्ता अपनी समस्या के अनुसार साक्षात्कार का उचित चयन करता है एवं अपने शोध के लिए उसे प्रभावी साबित करता है।

, विद्यार्थियों के लिए निर्देश

विद्यार्थियों को निर्देशित किया जाता है कि दिए गए पाठ का ध्यानपूर्वक पढ़ें ,समझें एवं अपने शब्दों में लिखें। किसी तरह की कठिनाई होने पर मेरे व्हाट्सएप पर संपर्क करें।

समाप्त

Scanned with CamScanner